महाराष्ट्र दूरसंचार परिमंडल, भा.सं.नि.लि.
प्रशासनिक भवन, 4 थीं मंजिल ,
ए विंग, जुहू तारा रोड,
सांताक्रुज (पश्चिम), मुंबई-400054

बीएसएनएल
भारत को जोड़े

**भारत संचार निगम लि.**
(भारत सरकार का उद्यम )
BHARAT SANCHAR NIGAM LTD
*(A Govt. Of India Enterprise)*

6/

पत्र क्र. प्रशासन/रा.भा/14/हिन्दी पखवाडा 2021/6 दिनांक 01/09/2021

सेवा में
सभी प्रधान महाप्रबंधक/वरिष्ठ महाप्रबंधक
महाप्रबंधक/दूरसंचार जिला प्रबंधक

विषय :- भारत संचार निगम लिमिटेड के सभी अधीनस्थ कार्यालयों में सितंबर महीने में हिंदी पखवाडा 2021 का आयोजन ।

संदर्भ :- निगम कार्यालय, नई दिल्ली का दि. 27/08/2021 का पत्र क्र. बीएसएनएलसीओ/-रा.भा/11(18)/1/2020/राजभाषा

उपर्युक्त विषय एवं संदर्भित पत्र के संबंध में सूचित किया जाता है कि केंद्र सरकार की राजभाषा नीति की अनुसरण में सभी मंत्रालयों/ विभागों/ कार्यालयों में प्रतिवर्ष 14 सितंबर हिंदी दिवस के रुप में मनाया जाता है । इसके साथ साथ इस दिवस को सम्मिलित करते हुए सितंबर महीने के पहले या बाद वाले पखवाडे में हिंदी पखवाडे के रुप में मनाए जाने की परंपरा है ।

अत: सभी व्यवसाय क्षेत्र (बीए) के कार्यालय अध्य क्ष से अनुरोध है कि वे अपने स्तर पर स्थानीय सुविधा के अनुसार सितंबर महीने में हिंदी पखवाडा 2021 के कार्यक्रम/ प्रतियोगिताए आयोजित करें । साथ में ही 14 सितंबर हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में संलग्न राजभाषा प्रतिज्ञा ली जाना भी सुनिश्चित करें ।

इसे सक्षम प्राधिकारी का अनुमोदन प्राप्त है ।

1/9/2021

संलग्न : यथोपरि ।

**उप महाप्रबंधक (प्रशासन)**
**महाराष्ट्र परिमंडल कार्यालय**
**मुंबई**

भारत संचार निगम लिमिटेड

(भारत सरकार का उद्यम)

निगम कार्यालय, कार्मिक शाखा,

भारत संचार भवन, चौथा तल,

नई दिल्ली- 110001

पत्र संख्या : बीएसएनएलसीओ-रा.भा./11(18)/1/2020राजभाषा, दिनांक 27 .08.2021

सेवा में,

सभी मुख्य महाप्रबंधक,
भारत संचार निगम लिमिटेड।

**विषय** : **भारत संचार निगम लिमिटेड के सभी परिमंडलों एवं सभी अधीनस्थ कार्यालयों में सितंबर माह में हिंदी पखवाड़ा-2021 का आयोजन।**

**संदर्भ: भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के सचिव का दिनांक 10 अगस्त 2021 का अ.शा. पत्र सं. 11034/07/2021- रा.भा.(नीति)**

केंद्र की राजभाषा नीति के अनुसरण में सभी मंत्रालयों/विभागों/कार्यालयों में प्रतिवर्ष 14 सितंबर हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसके साथ-साथ इस दिवस को सम्मिलित करते हुए सितंबर माह के पहले या बाद वाले पखवाड़े को हिन्दी पखवाड़े के रूप में मनाए जाने की परंपरा है।

उपर्युक्त प्रावधानों के मद्देनजर भारत संचार निगम लिमिटेड के सभी परिमंडल अध्यक्षों से अनुरोध है कि अपने स्तर पर स्थानीय सुविधाओं के अनुसार सितंबर माह में **हिंदी पखवाड़ा**-2021 के कार्यक्रम/प्रतियोगिताएँ आयोजित किए जाएं तथा अपने सभी संबंधित अधीनस्थ कार्यालयों को भी तदनुसार हिंदी पखवाड़े के आयोजन के लिए निर्देश जारी करें। साथ ही 14 सितंबर 'हिन्दी दिवस' को ऑनलाइन उपलब्ध राजभाषा विभाग के पत्र के साथ संलग्न 'राजभाषा प्रतिज्ञा' ली जाना भी सुनिश्चित किया जाए।

उपर्युक्त के संबंध में की गई कार्रवाई से कृपया निगम मुख्यालय को भी अवगत कराएं।

इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है ।

म.उदय कुमार
(म.उदय कुमार)
**सहायक महाप्रबंधक**(सीएसएस व राजभाषा)
**फोन न.** 011-23734155

**प्रतिलिपि** :

सहायक निदेशक (रा. भा.), दूरसंचार विभाग, संचार भवन, 20, अशोक रोड, नई दिल्ली - 110001

DGM (Admn)

भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग
(सदैव ऊर्जावान ; निरंतर प्रयासरत)

---

## राजभाषा प्रतिज्ञा

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343 और 351 तथा राजभाषा संकल्प 1968 के आलोक में हम, केंद्र सरकार के कार्मिक यह प्रतिज्ञा करते हैं कि अपने उदाहरणमय नेतृत्व और निरंतर निगरानी से; अपनी प्रतिबद्धता और प्रयासों से; प्रशिक्षण और प्राइज़ से अपने साथियों में राजभाषा प्रेम की ज्योति जलाये रखेंगे, उन्हें प्रेरित और प्रोत्साहित करेंगे; अपने अधीनस्थ के हितों का ध्यान रखते हुए; अपने प्रबंधन को और अधिक कुशल और प्रभावशाली बनाते हुए राजभाषा- हिंदी का प्रयोग, प्रचार और प्रसार बढ़ाएंगे| हम राजभाषा के संवर्द्धन के प्रति सदैव ऊर्जावान और निरंतर प्रयासरत रहेंगे|

जय राजभाषा ! जय हिंद !

--